भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **4334**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024/29 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

उर्वरकों का वितरण

4334. श्री प्रदीप कुमार सिंह:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में खरीफ और रबी फसल सीजन से कितने दिन पहले उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जाता है;
(ख) हाल ही में अररिया लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उर्वरकों के वितरण में देरी के क्या कारण हैं; और
(ग) उक्त देरी के क्या कारण हैं और देरी की घटनाओं की संख्या में कमी लाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): प्रत्येक फसल मौसम के शुरू होने से पहले, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) उर्वरकों की राज्य-वार और माह-वार आवश्यकता का आकलन करता है। डीएएंडएफडब्ल्यू द्वारा किए गए आकलन के अनुसार, राज्यों में उर्वरकों की इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए, उर्वरक विभाग मासिक आपूर्ति योजनाएं जारी करके राज्यों को उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा का आबंटन करता है। सभी प्रमुख सब्सिडी प्राप्त उर्वरकों के संचलन की निगरानी एकीकृत उर्वरक निगरानी प्रणाली (आईएफएमएस) नामक वेब आधारित निगरानी प्रणाली के माध्यम से की जाती है। तथापि, राज्य के भीतर क्षेत्रीय आवश्यकता को पूरा करने के लिए संबंधित राज्य द्वारा उर्वरकों का अंतर/अंत:-जिला वितरण किया जा रहा है। इस संदर्भ में बिहार राज्य सरकार ने सूचित किया है कि अररिया लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में उर्वरकों के वितरण में कोई विलंब नहीं हुआ है।

****